
हरीतिमा अमृत वन मोबाइल एप्लिकेशन की यूजर गाइडलाइन्स : इस एप्लिकेशन का उपयोग अन्य विभागों द्वारा वृक्षारोपण जन आन्दोलन 2022 के अर्न्तगत पौधरोपण के लिए चयनित स्थलों के जियोटैगिंग के लिए किया जाएगा।

यूजर गाइडलाइन्स को विभिन्न क्रमों में प्रस्तुत किया जा रहा है–

## क्रम संख्या–1

हरीतिमा अमृत वन मोबइल एप्लिकेशन को अपने मोबइल के प्ले स्टोर से डाउनलोड करें।




## क्रम संख्या–2

हरीतिमा अमृत वन मोबइल एप्लिकेशन को मोबइल में खोलने के बाद लागिन करें।




- स्थल चयन के लिए प्रत्येक विभागों के लिए एक अलग लागिन नाम एवं पासवर्ड बना कर विभागाध्यक्ष को दे दिए जाएंगे।
- विभागवार लागिन नाम एवं पासवर्ड को सभी फील्ड कर्मचारियों द्वारा चयनित स्थलों के जियोटैगिंग के लिए प्रयोग किया जाएगा।
- विभागाध्यक्ष आवश्यकता पडने पर वालंटियर/विभागीय कर्मचारी का चयन कर अपनी लागिन आईडी से उनके लिए लागिन नाम एवं पासवर्ड बना सकते हैं।
- वालंटियर को यह ध्यान रखना है कि उनके लिए बनाई गई लागिन नाम एवं आईडी एक समय में एक ही मोबइल में चलेगी।

## क्रम संख्या–3

लागिन करने के बाद "वृक्षारोपण जन आन्दोलन 2022" पर क्लिक करें।




- इस आप्सन पर क्लिक करने पर मोबइल कैमरा आन हो जाएगा जिससे आपको स्थल की फोटो खिंचनी है और फोटो अपलोड करना है।
- इसके साथ ही मोबाइल स्कीन पर अक्षांश एवं देशांतर की संख्या दिखाई देगी। यदि अक्षांश एवं देशांतर की संख्या नहीं दिखाई देती है तब आपको पीछे जाकर पुनः "वृक्षारोपण जन आन्दोलन 2022" पर क्लिक करें।

हरीतिमा अमृत वन मोबाइल एप्लिकेशन की यूजर गाइडलाइन्स : इस एप्लिकेशन का उपयोग अन्य विभागों द्वारा वृक्षारोपण जन आन्दोलन 2022 के अर्न्तगत पौधरोपण के लिए चयनित स्थलों के जियोटैगिंग के लिए किया जाएगा।

## क्रम संख्या–4

"वृक्षारोपण जन आन्दोलन 2022" पर क्लिक करने के बाद यह पेज खुलकर आएगा।







जानकारी भरने से पहले सुनिश्चित हो लें कि स्थल का फोटो दिखाई दे रहा है।

जिस पर कृपया निम्न जानकारी भरें–

- नगर पंचायत / ग्राम पंचायत का चयन करें।
- तहसील का चयन करे
- ब्लाक का चयन करें
- नगर पंचायत / ग्राम पंचायत का चयन करें।
- स्थल का नाम भरें।
- रोपित किए जाने हेतु पौधों की संख्या भरें।
- रोपित किए जाने हेतु प्रजातियों का नाम भरें।
- सुरक्षा व्यवस्था का चयन करें।
- सिंचाई व्यवस्था का चयन करें।

सूचनाऐं भरने के बाद पुनः चेक करलें। सूचनाएं सही हैं, सुनिश्चित हो लें, इसके बाद सबमिट पर क्लिक करें। यदि सूचनाएं सही नहीं भरी हैं तो रिसेट पर क्लिक करें और पुनः सूचनाएं भरें।

नोट : कृपया ध्यान दें कि प्रत्येक स्थल पर रोपित किए जाने हेतु पौधों की संख्या 20 से अधिक होनी चाहिए। यदि पौधों की संख्या 20 से कम होगी तब आपका एपलिकेशन एरर दिखाएगा और डाटा सेब नहीं होगा।

## क्रम संख्या–5

सूचनाऐं सबमिट पर करने के बाद –रिपोर्ट देंखें पर क्लिक करें।

- इसमें आप द्वारा भरे गए अमृत वन पर क्लिक करें।
- इस तरह की सूचनाएं दिखाई देंगी।



## हरीतिमा अमृत वन मोबाइल एप्लिकेशन की यूजर गाइडलाइन्स : इस एप्लिकेशन का उपयोग अन्य विभागों द्वारा वृक्षारोपण जन आन्दोलन 2022 के अर्न्तगत पौधरोपण के लिए चयनित स्थलों के जियोटैगिंग के लिए किया जाएगा।

हरीतिमा अमृत वन मोबइल एप्लिकेशन से अन्य विभागों द्वारा वृक्षारोपण जन आन्दोलन हेतु स्थल के जियोटैगिंग के दौरान किसी प्रकार की जानकारी के लिए प्रभागीय वनाधिकारी के कमांड सेंटर से सम्पर्क करें।

प्रभारी कमांड सेन्टर

प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय,

वन एवं वन्यजीव प्रभाग, शाहजहांपुर